आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 05.09.2024

मुख्य समाचारः—

1— राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज बयासी शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से किया सम्मानित—दुर्ग जिले की शिक्षिका के. शारदा का भी हुआ सम्मान।

2— शिक्षक दिवस पर आज राजभवन में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने पचपन शिक्षकों को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया।

3— राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में सहकारी समितियों का नेटवर्क बनाया जाएगा।

4— छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे तेलंगाना के कोत्तागुड़म जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गए।

राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार

शिक्षक दिवस पर आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में बयासी शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। इनमें छत्तीसगढ़ के दुर्ग स्थित खेदामारा के शासकीय स्कूल की शिक्षिका के. शारदा भी शामिल हैं। इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षकों और अभिभावकों को बच्चों को इस तरह पढ़ाना चाहिए कि वे हमेशा महिलाओं की गरिमा के अनुरूप व्यवहार करें। राष्ट्रपति ने शिक्षा को समावेशी बनाने के लिए शिक्षकों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में कौशल विकास पर विशेष बल दिया गया है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा।

शिक्षक दिवस—सम्मान समारोह

शिक्षक दिवस के अवसर पर आज राजभवन में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्ष दो हजार तेईस—चौबीस के लिए बावन शिक्षकों को राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। इनमें प्रधान पाठक, व्याख्याता, व्याख्याता एल.बी., शिक्षक एल.बी., सहायक शिक्षक और सहायक शिक्षक एल.बी वर्ग के शिक्षक शामिल हैं। वहीं, तीन शिक्षकों को प्रदेश के महान साहित्यकारों के नाम पर राज्य शिक्षक सम्मान स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनमें बिलासपुर जिले की डॉक्टर रश्मि सिंह धुर्वे को डॉक्टर पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्मृति पुरस्कार, कबीरधाम जिले के राजर्षि पांडेय को डॉक्टर मुकुटधर पांडेय स्मृति पुरस्कार और दुर्ग जिले की डॉक्टर सरिता साहू को डॉक्टर बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य शिक्षक सम्मान वर्ष दो हजार चौबीस—पच्चीस के लिए चयनित चौंसठ शिक्षकों के नामों की घोषणा भी की।

समारोह में राज्यपाल ने कहा कि शिक्षक, विद्यार्थियों को बड़ा सपना देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस हमें विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जिम्मेदारियों और प्रतिबद्धताओं की याद दिलाता है। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में शिक्षक दिवस का जितना उत्साह और महत्व है, वैसा कहीं और देखने को नहीं मिलता। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रदेश में लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बस्तर में भी अब शिक्षा की रौशनी तेजी से फैल रही है। बस्तर में वर्षों से बंद उनतीस स्कूलों को फिर से शुरू किया गया है। माओवाद प्रभावित जिलों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बिना ब्याज के शिक्षा ऋण दिया जा रहा है।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

केन्द्र–चिकित्सा संस्थान

केन्द्र सरकार ने राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों से कहा है कि वे दस सितंबर से पहले सभी चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए किए गए उपायों की रिपोर्ट भेजें। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चन्द्र ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को पत्र लिखा है। उनसे कहा गया है कि वह प्रत्येक क्षेत्र और जिले में अधिक भीड़ वाले अस्पतालों की पहचान करें और वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्यरत् चिकित्साकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्ति करें। उन्हें सुरक्षा उपायों का आंकलन और उसमें सुधार करने के लिए स्थानीय स्वास्थ्य और पुलिस अधिकारियों के परामर्श से सुरक्षा ऑडिट करने का निर्देश भी दिया गया है।

सहकारिता–बैठक

राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में सहकारी समितियों का नेटवर्क बनाया जाएगा। साथ ही हर पंचायत में सहकारी समितियां गठित की जाएंगी। सहकारिता विभाग के सचिव डॉक्टर सी. आर. प्रसन्ना ने 'सहकार से समृद्धि' पर बनाई गई कार्ययोजना की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को इसे लेकर दिशा–निर्देश जारी किए। बैठक में पंचायतवार, पेक्स, मत्स्य और दुग्ध समितियों की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही क्रियाशील और अक्रियाशील समितियों का चिन्हांकन कर उन्हें सक्रिय करने के निर्देश भी दिए गए। डॉक्टर प्रसन्ना ने कहा कि ऐसी ग्राम पंचायतें जहां एक भी समिति नहीं है, वहां नई समितियों का गठन किया जाए। आगामी खरीफ फसल की खरीदी को लेकर उन्होंने कहा कि सभी समितियों के पुराने कार्यों का ऑडिट अनिवार्य रूप से कराया जाए।

लखनलाल देवांगन–उद्योग समागम

प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने आज नई दिल्ली में आयोजित ''उद्योग समागम'' सम्मेलन में हिस्सा लिया। सम्मेलन में देशभर के उद्योगपतियों, उद्यमियों और निवेशकों ने व्यापार, उद्योग और आर्थिक विकास से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान श्री देवांगन ने छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं और राज्य सरकार द्वारा व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

माओवादी मुठभेड़–आत्मसमर्पण

छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे तेलंगाना के कोत्तागुड़म जिले के गुंडाला में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गए हैं। इस मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। घायल जवानों का इलाज भद्राचलम के अस्पताल में चल रहा है। सर्चिंग के दौरान मौके से अत्याधुनिक हथियार समेत भारी मात्रा में माओवादी सामग्री बरामद की गई है। वहीं, मारे गए सभी माओवादियों की शिनाख्त कर ली गई है।

इधर, दंतेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे लोन वर्राटू अभियान के तहत एक महिला सहित दो माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले दोनों माओवादी मलांगेर एरिया कमेटी के सक्रिय सदस्य थे। इन माओवादियों पर बंद के दौरान सड़क खोदने और बैनर–पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पण करने वाले इन माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

<u>मुख्यमंत्री–प्रतिनिधिमंडल</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से कल रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रांताध्यक्ष शिशुपाल शोरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को समाज के नव–निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

<u>हीराबाई झरेका–सम्मान</u>

छत्तीसगढ़ की हीराबाई झरेका बघेल को हस्तशिल्प के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार की ओर से दिया जाता है। सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के ग्राम पंचायत बैगीनडीह की रहने वाली श्रीमती बघेल, ढोकरा बेलमेटल शिल्प की प्रसिद्ध शिल्पकार है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर हीराबाई झरेका बघेल को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

<u>मुख्य सचिव–स्वच्छता ही सेवा</u>

प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के लिए गठित राज्य स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि यह अभियान प्रदेश में चौदह सितंबर से दो अक्टूबर तक चलाया जाएगा। स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान सफाई मित्रों, स्वच्छता कार्यकर्ताओं और अन्य हितकारक के लिए सुरक्षा शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में स्वच्छता हितग्राहियों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

<u>महाविद्यालय–प्रवेश</u>

राज्य के शासकीय और निजी शिक्षा महाविद्यालयों में बी.एड., डीएलएड, बीए बी.एड. और बीएससी बी.एड. पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आबंटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी जो प्री–बी.एड., प्री–डीएलएड या प्री–टेस्ट में शामिल हुए हैं, वे आज से ग्यारह सितंबर तक चिप्स की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर शुल्क का भुगतान कर विकल्प फॉर्म ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

<u>चक्रधर समारोह</u>

रायगढ़ में सात सितंबर से शुरू होने जा रहे उनतालीसवें चक्रधर समारोह में छत्तीसगढ़ के साथ ही देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। समारोह में देशभर के प्रसिद्ध कलाकार शास्त्रीय नृत्य और लोक संगीत की प्रस्तुति देंगे। इस समारोह में भरतनाट्यम, कथक, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, असमिया, ओडिशी और मणिपुरी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं, पद्मश्री हेमा मालिनी और देवयानी तथा मीनाक्षी शेषाद्रि शास्त्रीय नृत्यों की विशेष प्रस्तुति देंगी।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग ने प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। वहीं, दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम मध्य बंगाल और उत्तर–पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दाब का क्षेत्र बना हुआ है। इसके असर से प्रदेश में कुछ स्थानों पर बारिश हो रही है। आज राजधानी रायपुर में तेज बारिश दर्ज की गई।

इस बीच, बीजापुर जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। यह जवान कांवड़गांव कैम्प से सर्चिंग अभियान पर निकला था। यह जवान बीजापुर थाना क्षेत्र के संतोषपुर गांव का रहने वाला था, जो पच्यासवीं वाहिनी सीआरपीएफ कैंप कांवड़गांव में पदस्थ था।

संक्षिप्त समाचार

– छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल स्वाध्यायी परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि को बढ़ा दिया गया है। अब परीक्षार्थी विलंब शुल्क के साथ नौ से पच्चीस सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

– कवर्धा में आज डीएड–बीएड संघ ने प्रदेश में रिक्त पड़े शिक्षकों के पदों पर भर्ती की मांग को लेकर रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के गौरेला स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में कौशल विकास के लिए जिला स्तरीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन दस सितंबर को किया जाएगा।

– कोरबा जिले के पाली वनमंडल के धारपखना–घुईचुआ सर्किल में दंतैल हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>